हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 18 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज छठे दिन भी लाखों श्रद्धालु कुंभ स्नान के लिए पहुंचे। दोपहर 12 बजे तक 20 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। अब तक 7 करोड़ 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालु संगम स्नान कर चुके हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी आज महाकुंभ स्नान करेंगे। वो साधु-संतों से भी मुलाकात करेंगे और सेना के अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

****

भारत देश के संविधान अपनाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल जिला स्तरीय सामूहिक 'संविधान प्रस्तावना वाचन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचकूला में अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, पलवल में अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, कुरुक्षेत्र में अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट और कैथल में उप मण्डल अधिकारी अजय सिंह ने जिला सचिवालय परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों सहित आमजन को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई। हथीन व होडल प्रशासन की ओर से भी 'संविधान प्रस्तावना वाचन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में भी संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किए गया।

****

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा महिला सरपंचों को उनके संबंधित गांवों की ब्रांड एम्बेसडर बनाने से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को मजबूती मिलेगी।कल मंत्री ने इस संबंध में अधिकारियों को संबंधित विभाग से

संपर्क कर आगे की रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए।श्रुति चौधरी ने कहा कि अगले पांच वर्षों में 10,000 आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा । उन्होंने बताया कि 563 आंगनवाड़ी केन्द्रों का सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों में उन्नयन करने के लिए भारत सरकार से 563 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है इसके साथ ही विभाग ने 2307 आंगनवाड़ी केंद्रों के उन्नयन का एक अन्य प्रस्ताव भी केंद्र सरकार को भेजा है।

****

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में कल हरियाणा फिल्म महोत्सव के पोस्टर का लोकार्पण किया गया। समारोह में वरिष्ठ लेखक अशोक श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने समारोह की अध्यक्षता की।फिल्म महोत्सव 4 व 5 अप्रैल को हरियाणा सिने फाउंडेशन तथा विश्व संवाद केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।

****

चंडीगढ़ के सेक्टर 32 स्थित सरकरी कॉलेज एवं अस्पताल के नर्सिंग विभाग ने नर्सिंग स्टाफ को संक्रमण नियंत्रण बारे जागरूक करने के उद्देश्य से 13 से 17 जनवरी तक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।इस कार्यशाला में "हाथों की स्वच्छता ,""स्पिल मैनेजमेंट," "नीडल स्टिक इंजरी का प्रबंधन," "बायोमेडिकल कचरा प्रबंधन," और "संक्रमनरोधी द्रव तैयार करना" जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

****

भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अग्निपथ स्कीम के तहत होने वाली इस भर्ती के लिए आवेदन 27 जनवरी तक स्वीकार किए जाएंगे।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in/AV/ पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

****

हरियाणा सिखगुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कल होने वाले चुनाव के लिए पानीपत प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। पानीपत के निर्वाचनअधिकारी ब्रहमप्रकाश ने बताया कि प्रदेश में 164 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। हरियाणा के 22 जिलों में तीन लाख से अधिक मतदाता कमेटीके 40 सदस्य चुनने के लिए मतदान करेंगे। जिसके लिए 40 वार्डों में 390 बूथ बनाए गएहैं।मतदान का परिणामउसी दिन घोषित किया जाएगा चुनाव परिणाम आने के बाद निर्वाचित सदस्य कमेटी केअध्यक्ष समेत विभिन्न पदाधिकारियों का चुनाव करेंगे।